प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेलइंजन  कारखाना

उत्कृष्ट प्रदर्शन ; चिरेका को भारतीय रेल की 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड 2024'

चित्तरंजन,22.12.2024

चितरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) को  शानदार  उत्पादन प्रदर्शन के लिए भारतीय रेल की 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड 2024' प्रदान किया गया है. दिनांक 21.12.2024 को भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित 69वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह 2024-अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 के तहत यह शील्ड चिरेका को और भारतीय रेल की अन्य उत्पादन इकाई आरसीएफ को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया.
श्री अश्वनी वैष्णव, माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार  के कर कमलों से ,श्री विजय कुमार,महाप्रबंधक ने यह शील्ड प्राप्तकिया. श्री एस. के. वर्मा, प्रमुख मुख्य बिजली इंजिनीयर ने श्री कुमार, महाप्रबंधक के साथ उपस्थित थे तथा यह शील्ड ग्रहण करने में सहयोग किया.
चिरेका कर्मियों के निरंतर परिश्रम व सफल प्रयास के लिए चिरेका को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। जो सम्पूर्ण चितरंजन रेलइंजन कारखाना परिवार के लिए गौरव की बात है।

चिरेका को 'बेस्ट प्रोडक्शन यूनिट शील्ड 2024' प्राप्तहोने  पर श्री विजय कुमार , महाप्रबंधक,चिरेका ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिरेका परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

इसके अलावा, चिरेका कर्मी,श्री अनूप कुमार महतो,वरीय अनुभाग इंजीनियर, design/drawing को 69वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह 2024-अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया.श्री विजय कुमार ,महाप्रबंधक,चिरेका ने
शुभकामनाएं दी है।

सेवा में ,

संपादक महोदय

जन संपर्क  विभाग चिरेका द्वारा जारी ,